इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

शिक्षा विद्यापीठ

स्नातकोत्तर कला (शिक्षा) –एम.ए.ई.डी.यु.

प्रथम वर्ष

नियतकार्य – जनवरी एवं जुलाई 2024

कृपया ध्यान दें :

अ) नियतकार्य के उत्तर (ए आर) आप के अध्ययन केन्द्र के कार्यक्रम प्रभारी के पास स्वयं जमा किये जा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते हैं।

ब) आपको सभी नियतकार्यों की एक–एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी चाहिए।

एम.ई.एस.–011 शिक्षा की समझ

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. शिक्षा के वैयक्तिक और सामाजिक उद्देश्यों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। शिक्षा के वैयक्तिक और सामाजिक उद्देश्यों के मध्य संश्लेषण की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

(कृ.पृ.उ.)

2. वैदिक, उत्तर वैदिक और ब्राह्मणीय शिक्षा पद्धतियों के विशेष सन्दर्भ में प्राचीन भारतीय शिक्षा की विशेषताओं का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

3. अपने सुचारू संचालन के लिए शिक्षा क्यों और किस प्रकार राजनीतिक निर्णयन पर आश्रित है ? उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

एम.ई.एस.–012 शिक्षा : प्रकृति एवं प्रयोजन

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. ज्ञान की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। ज्ञान के विभिन्न स्रोतों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

2. भारतीय शिक्षा पद्धति में समकालीन विकास के आलोक में एडगर फौरे (Edgar Faure) की अध्यक्षता वाले इक्कीसवीं शताब्दी अधिगम के लिए शिक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रदत्त शिक्षा के उद्देश्यों का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए।

3. पाठ्यचर्या विकास के विभिन्न उपागमों की परिचर्चा कीजिए। भारत में माध्यमिक विद्यालय पाठ्यचर्या विकसित करने के लिए आप किस उपागम को सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं और क्यों?

एम.ई.एस.–013 अधिगम, अधिगमकर्ता एवं विकास

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. रचनावाद के वर्गीकरण का वर्णन कीजिए। अपने विद्यार्थियों के लिए एक शीर्षक का परिचय देने के लिए एक रचनावादी अधिगम वातावरण का सृजन करने के लिए आप किन शिक्षण–अधिगम गतिविधियों/ क्रियाकलापों का संगठन करेंगे? परिचर्चा कीजिए।

2. अधिगम को प्रभावित करने वाले कारकों के रूप में अभिप्रेरणा एवं आत्म (स्व)–अवधारणा (सेल्फ कान्सेप्ट) की परिचर्चा कीजिए।

3. अधिगमकर्ता पर विद्यालय वातावरण के प्रभावों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

एम.ई.एस.–014 शिक्षा का सामाजिक सन्दर्भ

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिएः

1. सामाजीकरण के अर्थ और विशिष्टताओं की व्याख्या कीजिए। फ्रायड के सामाजीकरण के मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त के आलोक में सामाजीकरण की प्रक्रियाओं का विश्लेषण कीजिए।

2. शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर शिक्षा के साधनों के रूप में जन माध्यमों (मास मीडिया) की सबलताओं एवं सीमाओं की परिचर्चा कीजिए। दूरस्थ शिक्षा पद्धति में इसके प्रयोगों की व्याख्या कीजिए।

3. भारतीय शिक्षा पद्धति में साम्य (निष्पक्षता) क्यों महत्वपूर्ण है? भारतीय शिक्षा पद्धति में साम्य (निष्पक्षता) को प्राप्त करने में अपनाई जाने वाली विभिन्न रणनीतियों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

एम.ई.एस.–015 शिक्षा का परिचालन आयाम

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. आधुनिक समय में विश्वविद्यालय के प्रकार्य क्या हैं? उच्च शिक्षा में सामयिक विकास के आलोक में भारतीय विश्वविद्यालयों के प्रकार्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

2. सांस्थनिक आकलन के अर्थ एवं महत्व की व्याख्या कीजिए। भारत में राष्ट्रीय आकलन एवं प्रत्यायन परिषद् (एन.ए.ए.सी.) द्वारा महाविद्यालयों अथवा विश्वविद्यालयों का आकलन एवं प्रत्यायन किस प्रकार किया जाता है? वर्णन कीजिए।

3. शिक्षण प्रभाविता का क्या अर्थ है ? माध्यमिक स्तर पर एक शिक्षक अपनी कक्षाकक्ष शिक्षण गतिविधियों/ क्रियाकलापों को किस प्रकार प्रभावी बना सकता/सकती है? परिचर्चा कीजिए।

एम.ई.एस.–016 शैक्षिक शोध

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए:

1. एक प्रायोगिक अभिकल्प (एक्सपेरिमेंटल डिज़ाइन) में उपचार प्रसरण (ट्रीटमेंट वैरिएन्स) एवं त्रुटि प्रसरण (एरर वैरिएन्स) में अन्तर स्पष्ट कीजिए। एक शोधार्थी उपचार प्रसरण को किस प्रकार उच्चतम सीमा तक बढ़ा (मैक्सिमाइज़) सकता है और त्रुटि प्रसरण को किस प्रकार कम कर (मिनिमाइज़) सकता है? परिचर्चा कीजिए।

2. शैक्षिक शोध में मापन की मापनियों का वर्णन कीजिए। परिमाणात्मक आँकड़ों के विश्लेषण के लिए अनुप्रयोग की जाने वाली ये मापन–मापनियों किस प्रकार सांख्यिकीय मापों का निर्धारण करती हैं? व्याख्या कीजिए।

3. शोध प्रतिवेदन (रिसर्च रिपोर्ट) क्या है ? स्नातकोत्तर कला (शिक्षा) लघु शोध प्रबन्ध (डिसर्टेशन) के लिए आप शोध प्रतिवेदन प्रारूप को किस प्रकार तैयार करेंगे ? वर्णन कीजिए।

****